# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2025

## अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

## 2012 to 2023

## अति लघुउत्तरीय प्रश्न (1 Mark Questions)

**चलो कर लो अपनी तैयारी पूरी**

## बोर्ड परीक्षा 2011

**1. उत्पादन संभावना वक्र क्या है?**

उत्तर: उत्पादन संभावना वक्र उन दो या दो से अधिक वस्तुओं के विभिन्न संयोगों को प्रदर्शित करने वाली रेखा है जिन्हें एक उत्पादक दिए हुए संसाधनों और तकनीकी ज्ञान के द्वारा एक समय विशेष पर उत्पादित कर सकता है।

**2. दीर्घकालिक उत्पादन फलन से क्या आशय है?**

उत्तर: यदि उत्पादक सभी साधनों में एक ही अनुपात में परिवर्तन करता है, तो इस स्थिति में उत्पादन और उत्पादन के साधनों के अनुपातिक संबंधों को जो दीर्घकाल से संबंधित होता है, इसे दीर्घकालिक उत्पादन फलन कहते हैं।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

अर्थशास्त्र के सभी विषयों एवं कक्षाओं के नोट्स, प्रश्नोत्तर, सैंपल पेपर, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, विगत वर्षों के प्रश्नपत्र, अभ्यास प्रश्नपत्र (हिंदी या अंग्रेजी माध्यम) के PDF आपको www.theeconomicsguru.com पर मिल जायेंगे।

इसके साथ ही सभी हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए Free **LIVE CLASS** भी उपलब्ध है, हमारे **YOUTUBE CHANNEL "THE ECONOMICS GURU"** पर । अभी **subscribe** कर लीजिये और ज्यदा से ज्यादा **शेयर** कर दीजिये अपने दोस्तों के बीच।

किसी भी प्रकार की समस्या के लिए आप हमसे सम्पर्क कर सकते है, YOUTUBE के कमेंट बॉक्स में कमेन्ट करें या वेबसाइट के Email वाले Option में जाकर **Email** करे या WhatsApp कर सकते है Website में लिंक दिया गया है।

धन्यवाद

नकुल ढाली

The Economics Guru

लाभार्थी बोर्ड:

CBSE, UK Board, UP Board, Bihar Board, MP Board, CG Board, Rajasthan Board, Haryana Board

साथ ही **BA; B.COM; MA** के सभी SEMESTER लिए भी अध्ययन सामग्री उपलब्ध है।

अभी VISIT करें www.theeconomicsguru.com

**Subscribe** my **YOUTUBE** channel **THE ECONOMICS GURU**

**Follow me:**

**Facebook**- *Nakul Dhali*

**Instagram**- *@dhali_sir*

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**3. पैमाने पर प्रतिफल से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर: जब उत्पादन के सभी साधनों की मात्रा में एक ही अनुपात में परिवर्तन किया जाता है। तो उत्पादन का पैमाना भी बदल जाता है, उसे ही पैमाने के प्रतिफल कहा जाता है।

4. **उत्पादन फलन की परिभाषा दीजिए।** *(2011,13,15,18,19)*

उत्तर: एक फर्म के भौतिक उत्पादन और उत्पादन के भौतिक साधनों के संबंध को उत्पादन फलन कहा जाता है।

5. **मूल्य विभेद से आप क्या समझते हैं?** (2011,15)

उत्तर: किसी एक निश्चित वस्तु को अलग अलग उपभोक्ताओं को अलग अलग कीमत पर बेचना कीमत विभेद कहा जाता है।

**6. प्रति व्यक्ति आय से क्या आशय है?**

उत्तर: एक देश की औसत आय को प्रति व्यक्ति आय कहा जाता है। देश की कुल राष्ट्रीय आय को देश की कुल जनसंख्या से भाग देकर प्रति व्यक्ति आय की गणना की जाती है।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

7. **बचत क्या है?** (2011,20)

उत्तर: आय का भाग जो व्यय के बाद बचता है उसे बचत कहते हैं।

**8. मुद्रा के चलन गति से क्या आशय है?**

उत्तर: मुद्रा की चलन गति से अभिप्राय यह है कि मुद्रा की एक इकाई द्वारा एक वर्ष में कितनी बार वस्तुंए तथा सेवायें खरीदी जाती है।

**9. घाटे के बजट से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर: एक ऐसा बजट जिसमें सरकार के व्यय सरकार की प्राप्तियों से अधिक होता है, उस घाटे के बजट के नाम से जाना जाता है।

**10. लोचपूर्ण विनिमय दरों से क्या आशय है?**

उत्तर: जिसका निर्धारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विदेशी विनिमय की मांग और पूर्ति के द्वारा होता है उसे लोचपूर्ण विनिमय दर कहते हैं।

**बोर्ड परीक्षा 2012**

**11. चुनाव की समस्या के दो कारणों को बताएं।**

उत्तर: असीमित आवश्यकताएँ तथा सीमित संसाधन चुनाव की समस्या के दो प्रमुख कारण हैं।

**12. अवसर लागत क्या है?**

उत्तर: वह वक्र जिसका प्रत्येक बिंदु दो वस्तुओं के ऐसे संयोग को बताता है जिससे किसी उपभोक्ता को सामान संतुष्टि प्राप्त होती है।

**13. मांग में परिवर्तन का अर्थ बताए। (12, 20)**

उत्तर: वस्तु की कीमत में होने वाले परिवर्तन से वस्तुओं की मांग में भी परिवर्तन होता है, जिससे मांग में परिवर्तन कहा जाता है।

**14. सीमितता/ दुर्लभता का क्या अर्थ है? (12,15)**

उत्तर: एक ऐसी स्थिति जिसमे वस्तु की पूर्ति वस्तु की मांग की तुलना में कम होती है, सीमितता कहते हैं।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**15. अर्थशास्त्र का जनक कौन है?**

उत्तर: एडम स्मिथ।

**16. मुद्रा का प्राथमिक कार्य क्या है?**

उत्तर: विनिमय का माध्यम

मूल्य का मापक

**17. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस संस्था द्वारा की जाती है?**

उत्तर: भारत में राष्ट्रीय आय की गणना **केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन** के द्वारा किया जाता है।

**18. भारतीय रुपए का प्रतीक चिन्ह लिखिए।**

उत्तर: भारतीय रुपए का प्रतीक चिन्ह है- ₹

**19. 1936 में प्रकाशित कीन्स के ग्रंथ का क्या नाम है?**

उत्तर: द जनरल थ्योरी ऑफ इंटरेस्ट, एम्प्लॉयमेंट एंड मनी।

**20. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति तथा सीमांत बचत प्रवृत्ति बराबर हो तो गुणक का मान बताइए।**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

उत्तर: 2

**<u>बोर्ड परीक्षा 2013</u>**

**21. सूक्ष्म/ व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या अभिप्राय है? (13,17)**

उत्तर: अर्थशास्त्र की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था की व्यक्तिगत एवं सूक्ष्तम समस्याओं का अध्ययन किया जाता है।

**22. उपभोक्ता संतुलन को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर: एक ऐसी स्थिति जिसमें उपभोक्ता के द्वारा किए गए व्यय की तुलना में उसे प्राप्त होने वाली संतुष्टि का स्तर अधिकतम होता है, उसे उपभोक्ता संतुलन कहते हैं।

23. **उत्पादन फलन क्या होता है?** (11,13,15,18,19)

**24. स्थानापन्न वस्तुओं के उदाहरण दीजिए।**

उत्तर: ऐसी वस्तुएं है जिनका उपभोग एक दूसरे के स्थान पर किया जा सकता है। उन्हें स्थानापन्न वस्तुएं कहा जाता है, जैसे चाय एवं कॉफी।

**25. किस बाजार में फर्म कीमत प्राप्तकर्ता होती है?**

उत्तर: पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार। (13,17,22)

**26. दोहरे संयोग की आवश्यकता का क्या अर्थ है?**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

उत्तर: दो व्यक्ति की आवश्यकताओं का इस प्रकार से होना कि दोनों की आवश्यकताएँ एक दूसरे से पूर्ति हो और दोनों ही उसको विनिमय करने के लिए तैयार हो उसे दोहरे संयोग की आवश्यकता कहते हैं।

**27. बैंक दर किसे कहते हैं?**

उत्तर: जिस दर पर वदेश की केंद्रीय बैंक व्यापारिक बैंक को पूर्णकालिक प्रतिभूतियों के आधार पर ऋण प्रदान करता है, उसे बैंक दर कहते हैं।

28. प्रत्याशित निवेश को परिभाषित कीजिये।

उत्तर: आय या लाभ की आशा से किया गया निवेश प्रत्याशित निवेश कहा जाता है।

**29. सामूहिक मांग से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर: एक अर्थव्यवस्था में निवासित सभी व्यक्तियों की मांगों का योग अर्थात आवश्यकता की पूर्ति के लिए किए गए व्ययों के योग को सामूहिक मांग कहा जाता है।

**30. विदेशी विनिमय बाजार से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर: वह बाजार जिसमें विश्व के विभिन्न देशों की राष्ट्रीय मुद्राओ का आपसी लेन देन (विनिमय) होता है, उसे विदेशी विनिमय बाजार कहते हैं।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**<u>बोर्ड परीक्षा 2014</u>**

**31. सीमांत उत्पादन संभावना का अर्थ स्पष्ट कीजिये।**

उत्तर: उत्पादन संभावना सीमांत एक वक्र है, जो सीमित संसाधनों वाली अर्थव्यवस्था में दो वस्तुओं के उत्पादन के संबंध को दर्शाता है। यह उपलब्ध संसाधनों के सभी संभावित संयोजनों के अनुसार दो उत्पादों (एक को x-अक्ष पर और दूसरे को y-अक्ष पर) के उत्पादन की योजना बनाता है।

**32. उपयोगिता से क्या आशय है?**

उत्तर: किसी वस्तु में निहित वह शक्ति या क्षमता, जिससे एक उपभोक्ता की आवश्यकता की संतुष्टि होती है उपयोगिता कहते हैं।

**33. प्रतिस्थापन की सीमांत दर क्या है?**

उत्तर: जब कोई व्यक्ति एक वस्तु की अतिरिक्त इकाइयों को दूसरी वस्तुओं की अतिरिक्त इकाइयों के साथ बदलने के लिए तैयार हो जाता है उस दर को सीमांत प्रतिस्थापन दर कहते हैं।

**34. अल्पकालीन उत्पादन फलन से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर: अल्पकाल में उत्पादन के कुछ साधनों को स्थिर रखकर कुछ साधनों में परिवर्तन किया जाता है जिससे उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन होता है जिसमें अल्पकालिक उत्पादन फलन कहा जाता है।

**35. अल्पाधिकार क्या है?**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

उत्तर: बाजार की एक ऐसी स्थिति है जिसमें थोड़े से विक्रेता उपलब्ध होते हैं तथा बाजार के थोड़े थोड़े हिस्से पर अपना वर्चस्व रखते हैं, अल्पाधिकार कहते हैं।

**36. व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर: अर्थशास्त्र की वह शाखा, जिसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था की सूक्ष्मतम एवं व्यक्तिगत समस्याओं का अध्ययन होता है, व्यष्टि अर्थशास्त्र कहते हैं। जबकि अर्थव्यवस्था की सामूहिक एवं वृहद् समस्याओं के अध्ययन करने वाले शास्त्र को समष्टि अर्थशास्त्र कहा जाता है।

**37. मुद्रा के कोई दो कार्य लिखिए।** (12,14,15,20,22)

**38. भारत में मुद्रा का निर्गमन कौन करता है?**

उत्तर: भारतीय रिज़र्व बैंक।

**39. अवस्फीतिक अंतराल की परिभाषा दीजिए।**

उत्तर: अर्थव्यवस्था की एक ऐसी स्थिति जिसमें संतुलन के लिए आवश्यक सामूहिक मांग की तुलना में वास्तविक सामूहिक मांग अधिक हो जाती है, तो उसे अवस्फीतिक अंतराल के नाम से जाना जाता है।

**40. औसत बचत प्रवृत्ति क्या है?**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

उत्तर: कुल आय एवं कुल बचत के बीच के अनुपातिक संबंध को औसत बचत प्रवृत्ति कहा जाता है।

**41. विदेशी विनिमय दर क्या है? (12,14,18)**

उत्तर: वह दर जिस दर पर एक देश की घरेलू मुद्रा का विदेशी मुद्रा के साथ विनिमय होता है उसे विदेशी विनिमय दर के नाम से जाना जाता है।

**बोर्ड परीक्षा 2015**

42. **संसाधनों की दुर्लभता को परिभाषित कीजिए।** (12,15)

43. **उपभोक्ता संतुलन से क्या अभिप्राय है?** (13,15)

**44. वस्तु की मांग की इकाई लोच कब होती है?**

उत्तर: जब वस्तु की कीमत में परिवर्तन और मांग में परिवर्तन समान हो।

45. **उत्पादन फलन से क्या अभिप्राय है?** (11,13,15,18,19)

46. **कीमत विभेद क्या है?** (11,15)

47. **मुद्रा के प्राथमिक कार्य क्या है?** (12,14,15,20,22)

**48. साख निर्माण से क्या आशय है?**

उत्तर: साख निर्माण से तात्पर्य बैंक द्वारा अपने भंडार के एक हिस्से के रूप में जमा का विस्तार करने की क्षमता से है। एक बैंक अपनी जमा

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

राशि का एक निश्चित अनुपात जमाकर्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए न्यूनतम रिजर्व के रूप में रखता है और शेष अतिरिक्त रिजर्व को आय अर्जित करने के लिए उधार देता है।

**49. बचत फलन क्या है?**

उत्तर: आय तथा बचत के बीच के फलनात्मक संबंध को बचत फलन कहा जाता है।

**50. पूर्ण रोजगार को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर: जब सभी कुशल एवं योग्य नागरिको को जो एक निश्चित मजदूरी दर पर कार्य करने की इच्छुक हैं उनकी कार्य की प्राप्ति हो जाती है उसे पूर्ण रोजगार की स्थिति कहते हैं।

**51. विदेशी विनिमय बाजार किसे कहते हैं?(13,15)**

**बोर्ड परीक्षा 2016**

52. **चयन की समस्या के दो कारण बताइए।** (12,16,18,19,20,22)

**53. मांग के प्रकार को बताइए।**

उत्तर: आय माग, कीमत मांग, तिरछी मांग, व्युत्पन्न मांग आदि।

**54. बजट रेखा की समीकरण को लिखिए।**

उत्तर: M= X1P1 + X2P2

**55. अल्पकाल में कारकों की प्रकृति लिखिए।**

उत्तर: अल्पकाल में कुछ कारक परिवर्तनशील तथा कुछ कारक स्थिर होते हैं।

**56. एकाधिकारी प्रतियोगिता क्या है?**

उत्तर: बाजार की एक ऐसी स्थिति जिसमें किसी वस्तु के अधिक क्रेता एवं विक्रेता होते हैं। वस्तु विभेद की स्थिति पाई जाती है।

**57. मुद्रा के दो दोषों को बताइए?**

उत्तर: नैतिकता का पतन एवं समाज को आय के आधार पर वर्गीकरण।

**58. नकद कोष अनुपात का क्या अर्थ है?**

उत्तर: प्रत्येक व्यापारिक बैंक को अपनी कुल जमाओं का एक निश्चित भाग केंद्रीय बैंक के पास नकद रूप से जमा रखना पड़ता है जिससे नकद कोष अनुपात कहा जाता है।

**59. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति और सीमांत प्रवृत्ति बराबर हो तो गुणक का मान बताइए। (12,16,19)**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**60. स्वतः विनियोग क्या है?**

उत्तर: वह निवेश, जो आय एवं लाभ की प्रत्याशा से वंचित होता है अर्थात जो आय से प्रभावित नहीं होता है उसे स्वतः विनियोग कहा जाता है।

**61. दो अदृश्य मदों के नाम लिखिए।**

उत्तर: परिवहन सेवा और बैंकिंग सेवा

## बोर्ड परीक्षा 2017

62. **सूक्ष्म अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए।** (13,17)

**63. सामान्य वस्तुओं से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर: सामान्य वस्तुएँ से अभिप्राय उन वस्तुओं से हैं जिनका उपभोक्ता की आय के साथ सीधा संबंध होता है। अर्थात् जब उपभोक्ता की आय में वृद्धि होती है तब उस वस्तु की माँग बढ़ती है अथवा उपभोक्ता की आय में कमी के साथ ही उस वस्तु की माँग भी कम हो जाती है। उदाहरण के लिए: चावल, गेहूं इत्यादि।

**64. मांग का नियम गुणात्मक कथन है या परिमाणात्मक कथन।**

उत्तर: मांग का नियम गुणात्मक कथन है।

65. **बाजार के किस रूप में एक फर्म कीमत स्वीकार करने की स्थिति में होती है?** (13,17,22)

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**66. सीमांत लागत ज्ञात करने का सूत्र क्या है?**

उत्तर: सीमांत लागत $\frac{\text{कुल लगत में परिवर्तन}}{\text{उत्पादन की मात्र में परिवर्तन}}$

**67. वस्तु विनिमय प्रणाली की दो कमियां बताये।**

उत्तर: दोहरे संयोग का आभाव

मूल्य के संचय में कठिनाई

**68. व्यापारिक बैंको के दो प्रमुख कार्यों को बताएं।**

उत्तर: जमा स्वीकार करना

ऋण प्रदान करना

**69. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0.80 है, तो सीमांत बचत प्रवृत्ति क्या होगी?**

उत्तर: MPS = 1-MPC

MPS = 1-0.80 = 0.20

**70. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के रूप में निवेश गुणक का सूत्र बताइए।**

उत्तर: गुणक = $\frac{1}{1-MPC}$

**71. यदि \$2 के लिए ₹130 की आवश्यकता है तो रुपये की विनिमय दर बताइए?**

उत्तर: \$2 = ₹130

विनिमय दर

\$1 = ₹65

**<u>बोर्ड परीक्षा 2018</u>**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

72. **चयन की समस्या क्यों उत्पन्न होती है?**

(12,16,18,19,20,22)

**73. उपभोक्ता के बजट सेट से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर: उपभोक्ता के लिए उपलब्ध बंडलों के सेट को बजट सेट कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, उन सभी बंडलों का संग्रह जिसे उपभोक्ता वर्तमान बाजार कीमतों पर अपनी निश्चित आय से खरीद सकता है उसे बजट सेट (Budget Set) कहते हैं।

**74. जब सीमांत उपयोगिता शून्य होती है तब कुल उपयोगिता निम्न में से होती है-**

- शून्य
- ***अधिकतम***
- न्यूनतम
- ऋणात्मक

75. **उत्पादन फलन क्या है?** (11,13,15,18,19)

**76. यदि किसी वस्तु विशेष के बाजार में एक से अधिक विक्रेता हो किंतु विक्रेताओं की संख्या अतिअल्प हो तो उस बाजार संरचना को क्या कहा जाता है?**

उत्तर: अल्पाधिकार बाजार

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

77. **बैंक दर किसे कहते हैं?** (13, 18)

78. **अनैच्छिक बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं?** (18, 22)

*उत्तर:* अनैच्छिक बेरोजगारी से तात्पर्य उस बेरोजगारी से है जिसमें वे सभी लोग, जो मौजूदा मजदूरी दर पर काम करने के इच्छुक और सक्षम हैं, उन्हें काम नहीं मिलता है।

79. **विदेशी विनिमय दर किसे कहते हैं?** (12,14,18)

**बोर्ड परीक्षा 2019**

80. **चुनाव की समस्या क्या है?** (12,16,18,19,20,22)

**81. मांग तालिका का क्या अर्थ है?**

उत्तर: किसी वस्तु की विभिन्न कीमतो पर उसकी मांगी गई मात्राओं को दर्शाने वाली तालिका को मांग तालिका कहते है।

**82. दूध का बाजार कैसा बाजार है?**

उत्तर: अति अल्पकालीन बाजार

**83. एक फर्म द्वारा उपयोग में लाए गए आगतो और उत्पादित निर्गतो के बीच के संबंध का क्या नाम है?**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

उत्तर: उत्पादन फलन

**84. साख मुद्रा का एक उदाहरण लिखिए।**

उत्तर: चैक

85. **यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति और सीमांत बचत प्रवृत्ति बराबर हो तो गुणक मान बताइए?** (12,16,19)

**86. अनुकूलतम भुगतान संतुलन से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर: अनुकूल भुगतान संतुलन उस स्थिति को संदर्भित करता है जिसमें किसी देश की वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात से होने वाली कुल कमाई एक विशेष अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के आयात पर उसके कुल व्यय से अधिक होती है। *दूसरे शब्दों में, देश आयात पर खर्च करने की तुलना में अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप उसके भुगतान संतुलन में अधिशेष हो गया है।*

## बोर्ड परीक्षा 2020

87. **चुनाव की समस्या क्यों उत्पन्न होती है?** (12,16,18,19,20,22)

88. **मांग में परिवर्तन का अर्थ लिखिए।** (12, 20)

**89. जब सीमांत उपयोगिता शून्य होती है तो कुल उपयोगिता कितनी होगी?**

उत्तर: अधिकतम

**90. सीमांत उत्पाद वक्र की आकृति सामान्यता किस प्रकार की होती है?**

उत्तर: उलटे U आकार की

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

91. **मुद्रा के कोई दो कार्य लिखिए।** (12,14,15,20,22)

92. **बचत का क्या अर्थ है?** (11,20)

**93. भुगतान संतुलन को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर: किसी देश का शेष विश्व के साथ किये जाने वाले सभी प्रकार के लेन देनों का विवरण जो एक निश्चित अवधि के लिए होता है, भुगतान संतुलन कहते है ।

**<u>बोर्ड परीक्षा 2022</u>**

94. **चुनाव की समस्या के दो कारणों को बताइए।** (12,16,18,19,20,22)

95. **बाजार के किस रूप में एक फर्म कीमत स्वीकार करने की स्थिति में होती है?** (13,17,22)

96. **मुद्रा के दो कार्यों को लिखिए।** (12,14,15,20,22)

97. **अनैच्छिक बेरोजगारी से क्या अभिप्राय है?** (18,22)

**<u>बोर्ड परीक्षा 2023</u>**

**98. किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में आर्थिक क्रियाकलापों का निर्धारण बाजार की स्थितियों के अनुसार होता है?**

उत्तर: पूंजीवादी अर्थव्यवस्था

**99. मांग वक्र की प्रवणता या ढाल साधारणता कैसी होती है?**

उत्तर: ऋणात्मक

**100. एक वस्तु कि किसी आवश्यकता को संतुष्ट करने की क्षमता क्या कहलाती है?**

उत्तर: उपयोगिता

**101. अल्पकाल में फर्म जिस कारक में परिवर्तन कर सकती है, उसे क्या कहा जाता है?**

उत्तर: परिवर्तनशील कारक

**102. जिन वस्तुओं को पुनः उत्पादन प्रक्रिया में किसी भी चरण में नहीं गुजरना पड़ता वे क्या कहलाती है?**

उत्तर: अंतिम वस्तुएं

**103. आय में प्रति इकाई परिवर्तन के फलस्वरूप उपभोग में परिवर्तन को क्या कहा जाता है?**

उत्तर: सीमांत उपभोग प्रवृत्ति

**104. सेटेरिस परीबस का शाब्दिक अर्थ क्या है?**

उत्तर: आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला यह वाक्यांश ***'अन्य सभी चीजों के अपरिवर्तित या स्थिर रहने'*** के लिए है। इसका उपयोग अर्थशास्त्र में 'अन्य' कारकों के बदलने की संभावना को खारिज करने के लिए किया जाता है, अर्थात दो चरों के बीच विशिष्ट कारण संबंध पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**105. भारत में वस्तु एवं सेवाकर कब से लागू किया गया?**

उत्तर: भारत में 1 जुलाई 2017 से GST लागू हुआ

**LIKE AND SHARE THE CLASS LINK**

**SUBSCRBE THE CHANNEL**

**THE ECONOMICS GURU**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**FOLLOW ME ON INSTAGRAM / @dhali_sir**

**FOLLOW ME ON FACEBOOK / NAKUL DHALI**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE